"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 192] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 मई 2016— वैशाख 16, शक 1938

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 मई 2016

क्रमांक 4501/डी. 150/21-अ/प्रारू./छ.ग./16. — छत्तीसगढ़ विधान सभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 02-05-2016 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. होता, अतिरिक्त सचिव.

छत्तीसगढ़ अधिनियम
(क्रमांक 20 सन् 2016)

छत्तीसगढ़ मंत्री (वेतन तथा भत्ता) (संशोधन) अधिनियम, 2016

छत्तीसगढ़ मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम, 1972 (क्र. 25 सन् 1972) को और संशोधन करने हेतु अधिनियम.

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में छत्तीसगढ़ विधान मण्डल द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.

1. (1) यह अधिनियम छत्तीसगढ़ मंत्री (वेतन तथा भत्ता) (संशोधन) अधिनियम, 2016 कहलायेगा.

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा.

अनुसूची का संशोधन.

2. छत्तीसगढ़ मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम, 1972 (क्रमांक 25 सन् 1972) की विद्यमान अनुसूची के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :-

"अनुसूची
(धारा 2 देखें)

धारा (1)	वेतन/भत्तों का विवरण (2)	राशि (3)
धारा 3	(एक) मुख्यमंत्री का वेतन	रुपये 35,000 प्रतिमास
	(दो) मंत्री का वेतन	रुपये 30,000 प्रतिमास
	(तीन) राज्य मंत्री का वेतन	रुपये 28,000 प्रतिमास
	(चार) उप मंत्री एवं संसदीय सचिव का वेतन	रुपये 21,000 प्रतिमास
धारा 4(1)	(एक) मुख्यमंत्री को दैनिक भत्ता	रुपये 2,000 प्रतिदिन
	(दो) मंत्री को दैनिक भत्ता	रुपये 2,000 प्रतिदिन
	(तीन) राज्य मंत्री को दैनिक भत्ता	रुपये 2,000 प्रतिदिन
	(चार) उप मंत्री एवं संसदीय सचिव को दैनिक भत्ता	रुपये 2,000 प्रतिदिन
धारा 4(2)	(एक) मुख्यमंत्री को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता	रुपये 40,000 प्रतिमास
	(दो) मंत्री को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता	रुपये 40,000 प्रतिमास
	(तीन) राज्य मंत्री को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता	रुपये 40,000 प्रतिमास
	(चार) उप मंत्री एवं संसदीय सचिव को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता	रुपये 40,000 प्रतिमास"

रायपुर, दिनांक 6 मई 2016

क्रमांक 4501/डी. 150/21-अ/प्रारू./छ.ग./16. — भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 6-5-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. होता, अतिरिक्त सचिव.

CHHATTISGARH ACT
(No. 20 of 2016)

THE CHHATTISGARH MANTRAI (VETAN TATHA BHATTA) (SANSHODHAN) ADHINIYAM, 2016

An Act further to amend the Chhattisgarh Mantri (Vetan Tatha Bhatta) Adhiniyam, 1972 (No. 25 of 1972).

Be it enacted by the Chhattisgarh Legislature in the Sixty-seventh Year of the Republic of India, as follows :-

Short title and commencement.

1. (1) This Act may be called the Chhattistgarh Mantri (Vetan Tatha Bhatta) (Sanshodhan) Adhiniyam, 2016.

(2) It shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

Amendment of Schedule.

2. For the existing Schedule of the Chhattisgarh Mantri (Vetan Tatha Bhatta) Adhiniyam, 1972 (No. 25 of 1972), the following shall be substituted, namely :-

"SCHEDULE
(See Section 2)

Section (1)	Pay/Allowance Particular (2)	Amount (3)
Section 3	(i) Salary of Chief Minister	Rupees 35,000 per mensem
	(ii) Salary of Minister	Rupees 30,000 per mensem
	(iii) Salary of Minister of State	Rupees 28,000 per mensem
	(iv) Salary of Deputy Minister and Parliamentary Secretary	Rupees 21,000 per mensem
Section 4 (1)	(i) Daily allowance to Chief Minister	Rupees 2,000 per day
	(ii) Daily allowance to Minister	Rupees 2,000 per day
	(iii) Daily allowance to Minister of State	Rupees 2,000 per day
	(iv) Daily allowance to Deputy Minister and Parliamentary Secretary	Rupees 2,000 per day
Section 4 (2)	(i) Constituency allowance to Chief Minister	Rupees 40,000 per mensem
	(ii) Constituency allowance to Minister	Rupees 40,000 per mensem
	(iii) Constituency allowance to Minister of State	Rupees 40,000 per mensem
	(iv) Constituency allowance to Deputy Minister and Parliamentary Secretary	Rupees 40,000 per mensem"

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2016.